## शहर में आज

1. बाल कांवर यात्रा, नक्षत्र वन से सुबह सात बजे
2. जीण माता का महोत्सव, अग्रसेन भवन में दिन के 10 बजे
3. बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति का दो दिवसीय सावन मिलन, कृष्णा नगर कॉलोनी, गुरु नानक भवन में दोपहर 12 बजे

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सरला बिरला और आर्यभट्ट ज्ञान विवि ने किया एमओयू



**रांची।** सरला बिरला विवि और आर्यभट्ट ज्ञान विवि पटना के बीच एक एमओयू हुआ है. एमओयू पर एसबीयू के डायरेक्टर जनरल गोपाल पाठक और एकेयू पटना के कुलपति शरद यादव ने दस्तखत किये. एमओयू में दोनों विवि के बीच शोध, परामर्श और शैक्षणिक आदान- प्रदान के बिंदु शामिल हैं. मौके पर एकेयू विवि परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आर्यभट्ट ज्ञान विवि की ओर से कुलसचिव डॉ. रामजी सिंह ने भी भाग लिया. इस एमओयू से दोनों विवि के छात्रों को शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन का अवसर मिलेगा. साथ ही दोनों विवि के विशेषज्ञों से शोधपरक जानकारियां भी मिलेंगी.

### स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल में 15 अगस्त को सिंधारा महोत्सव

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल श्रीजीण माता की भक्ति से सराबोर रहेगा. यहां 15 अगस्त को श्रीजीण माता प्रचार समिति भव्य रूप में आदि शक्ति मां का सावन सिंधारा महोत्सव मनाएगी. इसमें मारवाड़ी समाज की तीन सौ से ज्यादा महिलाएं भक्ति के रंग बिखेरेंगी. समिति के अध्यक्ष ओम शर्मा ने बताया कि दिन के दस बजे गणेश पूजन और माता के अभिषेक से कार्यक्रम की शुरुआत होगी. इसके बाद देर शाम तक भक्ति के विविध कार्यक्रम होंगे. महोत्सव की तैयारी में नारायण विजयवर्गीय, बजरंग सोमानी, प्रदीप शर्मा, विनोद अग्रवाल, संदीप विजयवर्गीय, संदीप, शिव शर्मा, संगीता, सुनीता, शीतल, कविता आदि जुटे हैं.

### शेखर कुशवाहा ने बनाई थी 1971 की फर्जी डीड

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में ईडी ने शनिवार को जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा और उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है. जिन तीन लोगों पर चार्जशीट दायर की गई है उनमें से सिर्फ शेखर कुशवाहा को एजेंसी के द्वारा गिरफ्तार किया गया है. ईडी की जांच में पता चला है कि शेखर कुशवाहा ने अपने सहयोगी प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अंसारी, अफसर अली समेत अन्य के साथ मिलकर सरकारी कर्मी भानु प्रताप प्रसाद की मिलीभगत से 1971 का फर्जी डीड बनाया था. ईडी के चार्जशीट में सभी बातों का जिक्र किया गया है, साथ ही मौजूद साक्ष्य भी उपलब्ध करवाये गए हैं. ईडी जांच में यह बात सामने आई है कि बड़गाईं अंचल के तत्कालीन अंचल राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप के साथ मिलकर शेखर कुशवाहा ने बरियातू की 4.83 एकड़ की जमीन के रैयत जितुआ भोक्ता का नाम बदल कर समरेंद्र चंद्र घोषाल के नाम की एंट्री कर गैरमजरूआ जमीन को सामान्य खाते की जमीन में बदल दिया था.

## 23 की युवा आक्रोश रैली के लिए हुई तैयारी बैठक, हिमंता बोले

# झारखंड में आदिवासियों की नहीं घुसपैठियों की सरकार

- राज्य के युवाओं का 3 लाख ब्याज सहित लौटाएं हेमंत सोरेन
- मइयां योजना भी है धोखा
- झारखंड का आदिवासी युवा रो रहा हेमंत सरकार उन्हें बना रही नक्सली
- 23 अगस्त की युवा आक्रोश रैली में शामिल होंगे लाखों युवा
- देश के युवा सांसद एवम विभिन्न राज्यों के युवा मोर्चा अध्यक्षों को भी भेजा जाएगा आमंत्रण

**संवाददाता। रांची**



असम के सीएम और झारखंड विस चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्व शरमा कार्यक्रम में दीप जलाते हुए.

राजधानी रांची के कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में शनिवार को भाजपा मोर्चा के तत्वाधान में युवा आक्रोश रैली योजना सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें आगामी 23 अगस्त को होने वाले रैली की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री एवं विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व शरमा ने मोर्चा कार्यकर्ताओं में जोश भरा. कहा कि इतना झूठ बोलने वाला मुख्यमंत्री कहीं नहीं है.ऐसा लगता है हेमंत सोरेन रात को सपना देखते हैं और सुबह में वादा कर देते हैं. पर जनता जानना चाहती है कि हेमंत सोरेन सच कब बोलते हैं. हेमंत सोरेन न वादा निभाते हैं न जनता से माफी मांगते हैं. मुख्यमंत्री का बोलने का तरीका डेमोक्रेटिक नही है. जनता को धोखा भी दे रहे और 5लाख नौकरी,बेरोजगारी भत्ता बांग्लादेशी घुसपैठ पर बोलने को तैयार नहीं.

**ऐसी सरकार अगर आगे चली तो राज्य के युवाओं का कोई भविष्य नहीं बचेगा :** हिमंता ने कहा कि ऐसी सरकार अगर आगे चली तो राज्य के युवाओं का कोई भविष्य नहीं बचेगा. मइयां योजना भी धोखा है.दो महीने तक दो हजार देने की बात कर रहे लेकिन बेटी बहनों को दलाल बिचौलिए फार्म भरने में ही एक हजार लूट ले रहे.हेमंत सरकार को कंप्यूटर ने भी रिजेक्ट कर दिया है. कहा कि राज्य की माताओं बहनों को दो हजार रुपया नही बल्कि भाई और बेटे को नौकरी चाहिए. हेमंत सोरेन के पास राज्य के बेरोजगार युवाओं का पिछले 60 महीना का तीन लाख बकाया है, जिसे व्याज सहित मांगने के लिए राज्य का युवा हकदार हैं. युवाओं का उधार पैसा हेमंत सोरेन के घर में फंसा है.

किसानों की ऋण माफी की बात भी धोखा है.जबतक राज्य सरकार बैंक को पैसा नही देगी तब तक बैंक एनओसी नही देता है. ये वादा करने में माहिर सरकार है, लेकिन निभाती तो भाजपा की सरकार है. भाजपा की सरकार जो वादा करके आती है उसे निभाती है.चाहे केंद्र की हो या फिर प्रदेशों की. 23अगस्त को राज्य का एजेंडा अब राज्य का युवा तय करेगा.

### ध्वस्त है कानून व्यवस्थाः बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज राज्य में आम जनता परेशान है . कानून व्यवस्था ध्वस्त है . राज्य के युवाओं को ठगा, किसानों को ठगा ,बहन बेटियों की इज्जत लुटवाई, जल जंगल जमीन को लूटा और लुटवाया ऐसी सरकार को राज्य हित में एक क्षण भी बने रहने का अधिकार नही है . 5साल में विकास का एक उदाहरण भी हेमंत सरकार नही दे सकती . अब जनता का भरोसा इस सरकार से उठ चुका है . हेमंत सरकार के झूठ को चौक चौराहों पर बार बार दोहराएं . ये सरकार मोदी सरकार की नकल करने को चली वह भी नही कर सकी . जनता को ग्रीन कार्ड से राशन देने की बात की लेकिन एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी .जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया . युवा शक्ति आज कमर कसकर राज्य सरकार के खिलाफ खड़ी है . हेमंत सोरेन अब खुद सन्यास नही ले रहे तो हमें 23अगस्त को युवा शक्ति उन्हे सन्यास लेने केलिए बाध्य कर देगी .

### नए उलगुलान और हुल करने के लिए तैयरः अमर कुमार बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड की युवा शक्ति राज्य को लुटेरों, भ्रष्टाचारियों से बचाने केलिए नए उलगुलान और हुल करने केलिए तैयार है . हेमंत सरकार ने ठग कर जनादेश लिया .लेकिन न रोजगार दिया, न बेरोजगारी भत्ता दिया . यही मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने कहा था कि मेरी सरकार में कोई संविदा कर्मी जैसा शब्द नही होगा .लेकिन आज संविदा कर्मी, पारा शिक्षक,दर की ठोकरें खा रहे .लाठियां खा रहे .पहली बार विधानसभा में युवाओं के मुद्दे पर ऐतिहासिक आंदोलन हुआ .लेकिन यह सरकार तानाशाही रवैए से बाज नहीं आए .अध्यक्ष की ताकत का दुरुपयोग किया . विधायकों के धरने के दौरान सदन की बिजली पानी कटा .अब राज्य का युवा लाठी गोली से डरने वाला नही . 23अगस्त को राज्य के युवा हेमंत सरकार का जड़ हिला देंगे .

### 3अगस्त को युवाओं की रैली नही रैला होगाः कर्मवीर

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आगामी 23अगस्त को युवाओं की रैली नही रैला होगा .युवाओं का जन सैलाब हेमंत सरकार को गद्दी छोड़ने को मजबूर कर देगा . युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सेवा और संघर्ष केलिए हमेशा तैयार रहता है . राज्य की युवाओं की आवाज आज युवा मोर्चा है .प्रदेश भ्रष्ट निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने केलिए युवा शक्ति तैयार है . राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने संबोधित करते हुए हर घर तिरंगा कार्यक्रम पर प्रकाश डाला . कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रूपेश सिन्हा ने और धन्यवाद ज्ञापन मनीष दुबे ने किया .

आज राज्य में दो ही प्रमुख मुद्दा है. एक तरफ राज्य सरकार के वादा खिलाफी पर जनता में आक्रोश दूसरी तरफ घुसपैठियों से राज्य को बचाना. हमे मिलकर घुसपैठियों से लड़ना है.घुसपैठिए जाति देखकर हमला नही कर रहे, बल्कि हिंदुओं को मार रहे हैं.

**19 विधानसभा क्षेत्र में 20% से ज्यादा घुसपैठिए बढ़े हैं :** घुसपैठियों के कारण राज्य की डेमोग्राफी बदल चुकी है.राज्य के 19विधानसभा क्षेत्र में 20%से ज्यादा घुसपैठिए बढ़े हैं. चाहे तारानगर हो,गोपीनाथ पुर हो या गाय बथान यहां आदिवासी मुख्यमंत्री का नही घुसपैठियों का शासन चल रहा. हॉस्टल में आदिवासी बेटा रो रहा और हेमंत सरकार उन्हें नक्सली बताकर मुकदमा दर्ज करा रही. राज्य सरकार को ममता बनर्जी धमकाती है और हेमंत सोरेन चुप रहते हैं. क्या यही अस्मिता की रक्षा है. युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों, आदिवासियो, दलितों को ठगना क्या यही अस्मिता की रक्षा है? युवा आक्रोश रैली नए झारखंड का निर्माण करेगा. इस हुंकार से भविष्य में कोई सरकार युवाओं को फिर से ठगने की हिम्मत नही करेगी. शिबू सोरेन के बेटे को आगामी 23अगस्त को गद्दी छोड़ने केलिए राज्य की युवा शक्ति बाध्य कर देगी.

**ये रहे मौजूदः** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,युवा मोर्चा प्रभारी विनय जायसवाल सहित सांसद दीपक प्रकाश,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद बाल मुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, लुइस मरांडी, आरती कुजूर, विकास प्रीतम, भानु प्रताप शाही, प्रदेश मंत्री मुन्ना मिश्र, सुनीता सिंह,सीमा पासवान , सरोज सिंह, हेमंत दास, शिवपूजनपाठक, सहित सांसद, विधायकगण, प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष गण, जिला प्रभारी गण, मोर्चों के अध्यक्ष, युवा मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे.

# डीसी ने की भू-अर्जन मामलों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

**संवाददाता। रांची**

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक की. बैठक के दौरान रांची जिला में चल रही सभी योजनाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए. बैठक में अपर समाहर्ता राम नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुनील चंद्र, रांची जिला के संबंधित सभी अंचल अधिकारी, पथ निर्माण के कार्यपालक अभियंता, रेलवे के कार्यपालक अभियंता, एनएचएआई के सभी परियोजना निदेशक ,कानूनगो,सभी अमीन एवं पदाधिकारी शामिल रहे.

डीसी ने पलमा गुमला सेक्शन परियोजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया की अंचल निरीक्षक के अंचल अधिकारी के पद पर स्थापित हो जाने के कारण किसी योग्य सेवानिवृत्त कानूनगो को नियुक्त करके इस परियोजना के अंतर्गत शेष बचे रैयतों का मुआवजा भुगतान करें. वहीं नारो टीकरा टोली परियोजना की समीक्षा की, जिसमें संबंधित अधिकारी द्वारा उन्हें जानकारी दी गई कि इसमें अधियाचना तीन फेज में प्राप्त हुआ हैं. जिसमें पहला और दूसरा फेज का लगभग सभी रैयतों का भुगतान किया जा चुका हैं. डीसी ने बचें हुए रैयतों का मुआवजा का भुगतान करते हुए कोर्ट द्वारा संरचना हटाने के निर्देश को जल्द पूरा करने को कहा गया.

**टॉल प्लाजा के रैयतों का जल्द करें भुगतान :** डीसी ने पिस्का मोड़ से पलमा सेक्सन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मौजा पतरा चौली में टॉल प्लाजा हेतु संशोधित 3जी भेजें, ताकि रैयतों का जल्द भुगतान कराते हुए टॉल प्लाजा का बचा हुआ कार्य शुरू कराया जा सके. डीसी ने रांची रामगढ़ सेक्शन के संबंधित परियोजना निदेशक से विस्तृत जानकारी लेने के पश्चात मौजा पुंदाग में टॉल प्लाजा निर्माण हेतु अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण हेतु संशोधित 3जी भेजने का निर्देश दिया गया. डीसी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मौजा ऐदलहातु के टॉल प्लाजा में अधिग्रहित भूमि का अभिलेख जल्द एलए कोर्ट में भेजने का निर्देश दिया एवं एनएचएआई के परियोजना निदेशक को शेष राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू एवं अंचल अधिकारी बुंडू को पुलिस बल के साथ बचे हुए कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया.



समाहरणालय में बैठक करते डीसी राहुल कुमार सिन्हा.

### रांची रिंग रोड परियोजना

डीसी ने रिंग रोड परियोजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को मौजा तुरूप, हेसल, बेड़वारी में सड़क बनाने में कोई बाधा उत्पन्न नही हो इसके लिए पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्त कराने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया . डीसी ने हटिया रांची से गुजरते हुए लोधीमा-पिस्का के बीच लिंक लाइन परियोजना की समीक्षा करते हुए मौजा सिंहपुर, चेटे, बारीडीह, बालालोंग, सेम्बो, के रैयतों को जल्द मुआवजा भुगतान कराने का निर्देश दिया गया . डीसी ने रांची मुरी परियोजना की समीक्षा करते हुए अनगड़ा मौजा के रैयतों को मुआवजा का भुगतान करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया ताकि सड़क बनाने में आ रही बाधा का निराकरण किया जा सकें .

### भारत माला परियोजना

डीसी ने भारत माला परियोजना की समीक्षा करते हुए मौजा तापे में सड़क बनाने हेतु आ रही बाधा का निराकरण हेतु पुलिस बल एवं दंडाधिकारी नियुक्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया। सरकारी पट्टा प्राप्त रैयतों का पट्टा का अभिलेख से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया . पंडरा से कांके हॉलिडे होमवर्क तक पथ परियोजना की समीक्षा करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारी को धारा-19 की कार्रवाई करने का निर्देश दिया ताकि निर्माण हो सकें . बरियातु मुख्य मार्ग से बड़गाई-लेम-बोड़या पथ परियोजना, अरगोड़ा से कटहल मोड़ वाया पुन्दाग पथ चौड़ीकरण परियोजना, बिरसामुंडा एयरपोर्ट से कुटियातु मोड़ पथ परियोजना की समीक्षा करते हुए निर्माण में आ रही समस्या को जल्द से जल्द दूर करने, मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया गया .

# जुडको के अफसर-कर्मी हड़ताल पर, काम ठप

- अगस्त से सितंबर तक कई योजनाओं का होना है उद्घाटन

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

जुडको के पदाधिकारियों-कर्मचारियों की हड़ताल से राजधानी रांची सहित अन्य शहरों का विकास ठप होता जा रहा है. योजनाओं की मॉनिटिरिंग सही तरीके से नहीं हो पा रही है. चौथे दिन शनिवार को भी जुडको के पदाधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर रहे. वे वेतन और मानदेय में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं. हड़ताल के कारण फाइलों की रफ्तार भी धीमी हो गई है.

### इन योजनाओं का काम हो रहा प्रभावित

- कांटाटोली फ्लाईओवर, रविंद्र भवन ओर ट्रांसपोर्ट नगर योजना
- हजारीबाग और देवघर सेप्टेज का उद्घाटन सितंबर में होना है
- गुमला व सिमडेगा नगर परिषद में फिस्कल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का काम 31 अगस्त तक पूरा करना है
- शहरी आजीविका मिशन के कार्यों को 30 सितंबर तक पूरा करना है
- एरिया लेबल फेडरेशन के शत प्रतिशत लक्ष्य को 30 सितंबर तक पूरा करना है
- पीएम आवास योजना शहर के छत स्तर तक बने घरों को 31 अगस्त तक पूरा करना है

### हर घर तिरंगा अभियान के लिए जीपीओ में तिरंगा झंडे की बिक्री शुरू

**रांची।** रांची जीपीओ जरिये गर्व के साथ सूचित किया जाता है कि हर घर तिरंगा अभियान 2024 के अंतर्गत तिरंगा झंडे की बिक्री प्रारंभ की जा रही है। यह अभियान भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है. सीनियर पोस्ट मास्टर एस गोराई ने शनिवार को बताया कि रांची जीपीओ में तिरंगा झंडा 25 रुपये में उपलब्ध है. हम नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि वे राष्ट्रीय ध्वज का क्रय कर घरों पर फहराएं. तिरंगा झंडा उच्च गुणवत्ता वाला है, जो सभी मानकों का पालन करता है. इसे खरीदकर आप न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करेंगे, बल्कि देश में देशभक्ति की भावना को भी प्रबल करेंगे. सामूहिक ऑर्डर के लिए विशेष सुविधा मिलेगी.

# अवैध रूप से बर्खास्त कर्मी सभी लाभ पाने का अधिकारीः हाईकोर्ट

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया है कि जिस कर्मचारी को अवैध रूप से नौकरी से निकाल दिया गया हो, उसे उन लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता जो उसे नौकरी से निकाले न जाने की स्थिति में मिलते. दरससल प्रार्थी उमेश सिंह की नियुक्ति 1989 में धनबाद के चिरकुंडा जेकेआरआर हाई स्कूल में क्लर्क के रूप में हुई.

नियुक्ति के तीन वर्ष बाद 23 जुलाई 1992 को उनकी सेवाएं यह कह कर समाप्त कर दी गईं कि जिला शिक्षा कार्यालय से मंजूरी नहीं मिली. जिसके बाद उन्होंने श्रम न्यायालय में अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी. श्रम न्यायालय ने 25 जनवरी 1995 को याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया. जिसके बाद उमेश ने अपनी सेवा फिर से शुरू की. लेकिन उन्हें 23 जुलाई 1992 से 30 नवंबर 2009 तक की अवधि का वेतन समेत अन्य लाभ नहीं दिया गया. इसलिए, उन्होंने अवैध समाप्ति की अवधि के लिए सेवाओं के नियमितीकरण की मांग करते हुए यह रिट याचिका दायर की. जिसपर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता की 23 जुलाई 1992 से 30 नवंबर .2009 तक की सेवाओं को सेवानिवृत्ति के बाद और पेंशन संबंधी लाभों सहित सभी लाभ दिए जाने चाहिए. मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के जज जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की अदालत में हुई.

# झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना को लेकर पर्यवेक्षिका को किया शो कॉज

**संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम क्षेत्र में शनिवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कैंपों का निरीक्षण किया गया. सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या - 36, 37 एवं 38 में आयोजित शिविरों का औचक निरीक्षण किया.

इस दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा भी उपस्थित रहें. एसडीओ ने वार्ड - 38 सामुदायिक भवन आदर्श नगर धुर्वा में निरीक्षण के क्रम में आंगनबाड़ी सेविका को योजना एवं क्रियान्वयन की पूर्ण जानकारी नहीं होने के पर स्पष्टीकरण मांगा. एसडीओ ने वार्ड-36 गिरजा



टोली, अटल क्लिनिक, डिबडीह के शिविर में आंगनबाड़ी सेविकाओं/कर्मियों को पावती एवं सत्यापन सम्बन्धी निर्देश दिए. साथ ही वीएलई को त्वरित गति से लाभुकों का आवेदन ऑनलाइन करने हेतु निर्देश दिया गया. साथ ही राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय मौसीबाड़ी धुर्वा के समीप आयोजित शिविर में आंगनबाड़ी सेविका द्वारा प्राप्त आवेदनों का रजिस्टर में संधारण नहीं किये जाने एवं पावती नहीं देने के सम्बन्ध में त्रुटि पाई गई.

साथ ही संबंधित महिला पर्यवेक्षिका द्वारा सतत् पर्यवेक्षण नहीं किये जाने को लेकर आंगनबाड़ी सेविका एवं महिला पर्यवेक्षिका के स्पष्टीकरण मांगा गया. एसडीओ ने शिविर कर्मियों को बताया गया कि यह सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, शिविर से संबंधित सभी दायित्वों का निष्पादन जिम्मेवारी पूर्वक करें एवं किसी भी परिस्थिति में लाभुकों को परेशानी न हो तथा शिविर से संबंधित सभी पंजियों एवं पावती के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए.

# जनजातीय खेल के विजेताओं को सीएम ने किया सम्मानित



**संवाददाता। रांची**

विश्व आदिवासी दिवस पर रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जनजातीय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ. शनिवार को समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री हफीजुल हसन, विधायक कल्पना सोरेन शामिल हुए. विभिन्न जनजातीय खेल (यथा, तीरंदाजी, गेड़ी दौड़, गुलेल एवं सेकोर) प्रतियोगिताओं के विजेता को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया. बता दें कि तीरंदाजी में धनबाद की प्रियंका कुमारी हांसदा, गेड़ी दौड में दुमका के बिनोद सोरेन, गुलेल में सिमडेगा की गांगी बारला और सेकोर में चाईबासा की लेबिन बिरूली को प्रथम स्थान मिला. समापन समारोह के अवसर पर खेल विभाग के अधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, प्रशिक्षक मौजूद थे.

## उपलब्धि | देवनिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर का कमाल

# मरीज के हर्निया का किया गया सफल ऑपरेशन

**संवाददाता। रांची**

रांची के तुपुदाना में स्थित देवनिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर अपनी उच्च-स्तरीय चिकित्सा सेवाओं के लिए लगातार प्रयासरत हैं. अस्पताल में हाल ही में एक जटिल और असाधारण ऑपरेशन को सफलतापूर्वक किया गया.

जानकारी के अनुसार मरीज ने रांची के विभिन्न अस्पतालों में उपचार पाने का प्रयास किया, लेकिन किसी भी अस्पताल में प्रभावी इलाज संभव नहीं हो पाया. इस क्रम में उन्होंने देवनिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ अमरेन्द्र कुमार से परामर्श लिया.



### ऑपरेशन अत्याधुनिक उपकरणों के साथ किया गया

मरीज़ के पेट के नीचे हर्निया (इनग्वाइनल, स्लाइडिंग-बड़ा आंत फसा हुआ था) का ऑपरेशन देवनिका अस्पताल की सर्जिकल टीम ने किया, जिसमें अनुभवी सर्जन डॉ अमरेन्द्र कुमार, एनेस्थेटिस्ट डॉ दीपक कुमार, और कुशल ऑपरेशन थिएटर स्टाफ शामिल थे. टीम ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लेप्रोस्कोपिक विधि से ऑपरेशन करने का निर्णय लिया . ऑपरेशन अत्याधुनिक उपकरणों के साथ किया गया, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ .

### ऑपरेशन के बाद, मरीज़ की स्थिति में तेजी से सुधार

ऑपरेशन के बाद, मरीज़ की स्थिति में तेजी से सुधार देखा गया . देवनिका अस्पताल की टीम ने उन्हें सर्जरी के दो दिन के बाद ही स्वस्थ्य अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी . देवनिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के चेयरमैन डॉ अनंत सिन्हा ने कहा कि यह अस्पताल साधारण और जटिल चिकित्सा मामलों में भी उत्कृष्टता के नये मापदंड स्थापित कर रहा है . अस्पताल का समर्पण और मरीज़ों के प्रति सेवा की भावना इसे रांची के स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अग्रणी बनाये हुए है .

# फिल्म धरती आबा फादर ऑफ द लैंड के पोस्टर का विमोचन

**संवाददाता। रांची**

रांची के न्यूक्लियस मॉल में शनिवार को बीजेपी के प्रदेश संगठन के महामंत्री कर्मवीर सिंह अंतरराष्ट्रीय मॉडल, सूची कुमार ने धरती आबा फादर ऑफ द लैंड पोस्टर का विमोचन किया, जिसमें झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक महत्व को बताया गया है. इस दौरान महामंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जन्म 15 नवम्बर 1875 को खंटी के उलीहातु गांव मे हुआ था. कार्यक्रम में हंसराज डागर , नागेश्वर कुमार, और राजू बेहुज उपस्थित हुए.

सहयोगी नागेश्वर कुमार ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित फीचर फिल्म अक्टूबर-नवम्बर में बनाया जाएगा, जो डेढ़ घंटे का होगा, जिसका डायरेक्टर अंतराष्ट्रीय मॉडल सूची कुमार होगा. निर्देशन एन. राघवन करेंगे. बिरसा मुंडा के पोता बुधराम मुंडा को धरती आबा का तस्वीर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया. नृत्य मंडली ने सभीअतिथियो का पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत किया. इस अवसर पर तीन अन्य फिल्मों की भी घोषणा की गयी. उनमें वन्स अपॉन ए टाइम एक रोमांचक फिल्म, जिसका निर्देशन सुस्मित कुमार सिंह करेंगे, मेरे अंगने में तेरा क्या काम है एक और शानदार प्रोजेक्ट, जिसका निर्देशन सुमित कुमार सिंह करेंगे, चार्ली शूट का निर्देशन सुमित कुमार सिंह द्वारा किया जाएगा. इसके साथ ही फिल्म होकस फोकस प्रीमियर भी रिलीज किया गया. हॉकस फोकस एक रोमांचक कहानी है. जो एक डरावने गैंगस्टर अजित पंडित की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है. उसकी जिंदगी उस समय एक अप्रत्याशित मोड़ लेती है, जब वह एक कॉल गर्ल के प्यार में पड़ जाता है, जो उसे बैंक लूटने के लिए प्रेरित करती है. क्या आपको देखा जा रहा है? इस टैगलाइन के साथ, यह फिल्म दर्शकों को अपनी सीटों के किनारे पर बनाए रखने का वादा करती है.



धरती आबा फादर ऑफ द लैंड पोस्टर का विमोचन करते अतिथि.

## ब्रीफ खबरें

### तीर्थंकर पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक आज

**रांची।** वीर निर्वाण संवत 2550, सावन मास सप्तमी तिथि रविवार को जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर का मोक्ष कल्याणक श्रद्धाभाव से मनाया जायेगा. अनुयायी दिगंबर जैन मंदिर, जेजे रोड और वासुपूज्य जिनालय, रातू रोड में विशेष पूजन-विधान कर अपने सद्गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित करेंगे. राकेश काशलीवाल और अरविंद जैन ने बताया कि सुबह छह बजे सामूहिक कलशाभिषेक किया जायेगा. साथ ही नित्य नियम पूजन होगा. फिर सात बजे संगीतमय वाद्य के साथ कल्याण मण्डल विधान होगा. नारियल गीरी और चीनी से बने लड्डू 23वें तीर्थंकर भगवान को चढ़ाया जायेगा.

### चेहल्लुम पर शिया समुदाय का मातमी जुलूस 26 को

**रांची।** चेहल्लुम के अवसर पर शिया समुदाय की ओर से 26 अगस्त को मातमी जुलूस निकाला जायेगा. मसलक के समाजसेवी सैयद फराज अब्बास ने बताया कि अनवर आर्केड में दिन के 9.30 बजे हजरत इमाम हुसैन की याद में मजलिस का आयोजन किया जायेगा. मजलिस के बाद जुलूस निकाला जायेगा, जो विश्वकर्मा मंदिर लेन, कश्मीर वस्त्रालय के सामने अनवर आर्केड से दिन के 10 बजे निकलेगा. जुलूस में जंजीरे मातम होगा, जो कर्बला चौक से कर्बला पर जा कर समाप्त होगा.

### गाजे-बाजे के साथ आज निकलेगी बाल कांवर यात्रा

**रांची।** श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर की बाल कांवर यात्रा रविवार को लुभाएगी. बच्चों को सनातन धर्म और संस्कृति से दो-चार कराने के उद्देश्य से महासमिति इसका भव्य आयोजन कर रही है. नक्षत्र वन से सुबह सात बजे कांवर में जल भर कर गाजे-बाजे के साथ यात्रा निकलेगी तो वातावरण में मनोहारी छटा छा जायेगी. यात्रा के दौरान श्रीशिव और माता पार्वती की मनोहारी झांकी भी मन मोहेगी. भक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान रहेगा. बाल कावरिए के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न मार्गो का भ्रमण कर पहाड़ी मंदिर आएंगे.

### मां काली सेना का भव्य जागरण 18 को

**रांची।** श्रावण मास की अंतिम सोमवारी के पूर्व संध्या पर 18 अगस्त को मां काली सेना की ओर से भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा. अल्बर्ट एक्का चौक में प्रसिद्ध भजन गायक भक्ति गीतों की रस धारा बहायेंगे. शनिवार को सेना की हुई बैठक में इसके सफल आयोजन और तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया. सेना प्रमुख भोलू सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जीवंत झांकी सब का मन मोहेगी. संरक्षक जीतेन्द्र सिंह, संयोजक उदय साहू, किशोर साहू, रमेश सिंह,संजय सिंह, लल्लू ,कुमार राजा आदि बैठक में शामिल थे.

### सावन मिलन कार्यक्रम से आती है खुशहाली : नीलम

**रांची।** एचईसी सेक्टर टू धुर्वा के गाला बैंक्विट हॉल में शनिवार को भाजपा नेत्री सह समाज सेविका नीलम चौधरी द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में बचपन में खेले गए खेल प्रस्तुत किये गये. इस अवसर पर नीलम चौधरी ने कहा कि सावन हरियाली का पर्व है सावन मिलन कार्यक्रम से खुशहाली आती है. कार्यक्रम में सीमा शर्मा, आरती सिंह, बबीता झा, सीमा सिंह, सुचिता सिंह, रेनू तिर्की, सीमा रानी, आराधना सिंह, अनुपमा, पिंकी, नेहा शर्मा, रूबी कुमारी, सुनीता वर्मा, कंचन देवी आदि उपस्थित हुई.

**पर्व-प्रसंग : श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति ने तय किये 26 एवं 27 अगस्त के कार्यक्रम**

# दो दिनी जन्माष्टमी महोत्सव को दिया जाएगा भव्य रूप

संवाददाता। रांची

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति इस बार भी भव्य रूप में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाएगी. मौके पर शहीद चौक से काली मंदिर तक आकर्षक साज-सज्जा की जायेगी. अल्बर्ट एक्का चौक का इलाका देर रात तक भक्ति के विविध कार्यक्रमो से गुलजार रहेगा. समिति के संरक्षक सह राक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पत्रकारो को बताया कि समिति 14 सालों से महोत्सव का आयोजन कर रही है. इस बार इसे और भी भव्य रूप दिया जा रहा है. सोमवार की शाम चार बजे दो दिनी महोत्सव की शुरुआत झांकी प्रतियोगिता से होगी. विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी इसका उद्घाटन करेंगे. इसके बाद श्रीकृष्ण बाल रूप झांकी और बाल गोपाल सजाओ प्रतियोगिता होगी. उन्होंने बताया कि इसमें दस वर्ष


बैठक में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति के सदस्यों के साथ सांसद संजय सेठ.

तक के बच्चे भाग ले सकते हैं. प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों के साथ प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए जायेंगे. मौके पर भक्ति गीतों का कार्यक्रम भी मन मोहेगा. रक्षा राज मंत्री ने बताया कि अंतिम दिन 27 अगस्त को शाम चार बजे दही- हांडी फोड़ प्रतियोगिता और भजन संध्या का कार्यक्रम शुरू होगा, जो देर रात तक चलेगा. इस बीच गोविंदा जहां दम दिखायेंगे, वहीं बाहर से आयी नृत्य नाटिका मंडली के कलाकार जीवंत मंचन कर भक्ति रंग भी बिखेरेंगे.संजय सेठ ने बताया कि जगह-जगह एलइडी से लाइव प्रसारण किया जायेगा, ताकि श्रद्धालु दूर से भी इसका आनंद उठा सकें. उन्होंने बताया कि कारगिल दिवस के 25 वें साल पूरे होने पर वीर सैनिकों के सम्मान में एक झांकी भी महोत्सव की शोभा बढ़ाएगी.

**यहां मिलेंगे रजिस्ट्रेशन फार्म**

केडिया साइकिल, अल्बर्ट एक्का चौक में राजेंद्र केडिया और स्टेशन रोड में पतंजलि के सतीश सिन्हा से रजिस्ट्रेशन फार्म प्राप्त किए जा सकते हैं. मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत ने बताया कि इन दोनों जगहों पर फार्म जमा भी लिये जायेंगे. निबंधन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 24 अगस्त रखा गया है. इसके बाद निवेदन स्वीकार्य नहीं किए जायेंगे.

**पुरुष गोविंदा का नकद इनाम**

- प्रथम एक लाख और शील्ड, द्वितीय 41 हजार और तृतीय 21 हजार नकद

**महिला गोविंदा का नकद इनाम**

- प्रथम 51 हजार और शील्ड, द्वितीय 21 हजार नकद राशि
- प्रतियोगिता के नियम और शर्ते
- विजयी होने के लिए प्रतिभागियों को समय का खास ख्याल रखना होगा. जो गोविंदा टीम सबसे कम समय में हांडी फोड़ेगा वहीं क्रमवार विजयी घोषित होंगे. मुकेश काबरा ने बताया कि एक-दो दिन में और भी नियम जोड़े जा सकते हैं.

अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि विजयी गोविंदाओं की टीम के बीच नकद राशि के साथ शील्ड भी पुरस्कार स्वरूप दिए जायेंगे. इसके भाग लेने के लिए निबंधन कराना जरूरी है.माहेश्वरी भवन में हुए संवाददाता सम्मेलन में विधायक सीपी सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, अजय मारू, कुणाल आजमानी आदि ने हिस्सा लिया.

**रंगारंग कार्यक्रम के साथ गोस्सनर कॉलेज में मना आदिवासी महोत्सव**

# पूरे विश्व में आदिवासी प्रकृति प्रेमी होते हैं : प्रो. इलानी पूर्ति

संवाददाता। रांची

शनिवार को गोस्नर थियोलॉजिकल कॉलेज में शनिवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड सहित पश्चिम बंगाल, मणिपुर, असम और झारखंड के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत रेव्ह अनुराग मिंज ने की. महोत्सव की थीम थी ''ईसाई धर्म : स्वदेशी संस्कृति के लिए खतरा'' , जिसपर इसपर छात्र-छात्राओं के बीच डिबेट कराया गया. इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद से कॉलेज की प्राचार्य प्रो. इलानी पूर्ति ने कहा कि आदिवासी मतलब, जो अनंत काल से निवास करता आया है. आदिवासी ने ही जंगलों को बचाने का काम किया है. उन्होंने जल, जंगल और जमीन से नाता नहीं तोड़ा है. पूरे विश्व में आदिवासी प्रकृति प्रेमी होते हैं, जिसकी वे पूजा और संरक्षण करते हैं.

बर्सर प्रो. प्रवीण सुरीन ने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर आदिवासियों की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति (होडोपैथी) की चर्चा है. प्रकृति संरक्षण की इनकी प्रणाली को पूरा विश्व अपना रहा है. आदिवासियों की मौसम पूर्वानुमान पद्धतियों पर विश्व के वैज्ञानिक गहनता से रिसर्च कर रहे हैं. इंटर कला संकाय के अध्यक्ष डॉ. बलबीर केरकट्टा ने भारतीय संविधान द्वारा आदिवासियों के हित के रक्षा के लिए दिए गए अधिकार की जानकारी छात्रों को दी.

थीम पर हुए डिबेट में असम से आये छात्र एसाउ कंडुलना ने कहा कि क्रिश्चियन एक धर्म है. आदिवासी एक जाति है. आदिवासी समुदाय प्राकृति के गोद में रहना पसंद करते है.लेकिन आज आदिवासी समुदाय पर चोतरफा हमला हो रहा है.इसे रोकने की आवश्यकता है. मणिपुर के राहांगो ने कहा कि आदिवासी दिवस को हर्षोउल्लास से मनाना चाहिए. हमें आदिवासी होने पर गर्व महसूस करना चाहिए.

छत्तीसगढ़ अयूब कुमार एक्का ने कहा कि आदिवासी युवाओं को अपनी संस्कृति और धर्म को साथ लेकर चलना चाहिए. झारखंड से फोर्थ सेमेस्टर के छात्र बसिल मुंडू ने कहा कि आदिवासी प्रकृति को पूजा करते है. धार्मिक सेवा के साथ परंपरा को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करना है. गोस्सनर थियोलॉजिकल के प्रिंसपल सुमित अभय केरकेट्टा ने कहा कि आदिवासी युवा समाज परिवर्तन का माध्यम बने.अपनी पहचान के मुहिम से आदिवासी युवा साधन बनेंगे. मंच संचालन प्रो. सुषमा करकट्टा एवं प्रो. आइजक कंडुलना ने किया. मौके पर तीनों संकाय के डीन, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे.


गोस्सनर कॉलेज में आदिवासी महोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार.

**महोत्सव में परंपरा संस्कृति का दिखा विहंगम नजारा**

**रांची।** झारखंड आदिवासी महोत्सव के दूसरे दिन झारखंड की परंपरा-संस्कृति का विहंगम नजारा दिखा. गीत और नृत्य के माध्यम से झारखंड परंपरा और संस्कृति को सहेज कर रखने का संदेश आदिवासी महोत्सव दे गया. दूसरे दिन राज्य के सात क्षेत्रीय एवं जनजातीय संथाली नृत्य, मुंडारी नृत्य, खरवार नृत्य, कड़सा नृत्य, पंचपरगनियाँ नृत्य, घोड़ा नृत्य उरांव नृत्य, चांवर पैंकी नृत्य की प्रस्तुति ने आकर्षक समां बांधा. लोगों को थिरकने पर भी मजबूर कर दिया. इन नृत्य और गीतों ने ने समापन समारोह को और भी भव्य और आकर्षक बना दिया. कलाकारों के अद्भुत प्रदर्शन ने पूरे झारखंड पर आधारित नृत्य, गीत, झांकी के माध्यम से एक मंच पर उतार दिया,

### समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की झलक

कलाकार प्रभात कुमार महतो एवं उनकी टीम ने झारखंड की संस्कृति को दर्शाने वाले पारंपरिक मानभूम छउ नृत्य से इस भव्य कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए. उल्लास और जोश से भरे कलाकारों ने दर्शकों को खूब झुमाया. मानभूम शैली के छऊ नृत्य में शारीरिक भाव भंगिमा प्रमुख रहती हैं . मानभूम छऊ नृत्य के अभिन्न अंग के रूप में शामिल विभिन्न वाद्ययंत्रों और उनके पारंपरिक स्वरुप ने सभी दर्शकों को अपने अपने जगह पर थिरकने पर मजबूर कर दिया. प्रभात कुमार महतो एवं उनकी टीम के कलाकारों ने 11 देशों में अपनी प्रस्तुति से देश दुनिया में झारखंड की पहचान को गौरवान्वित किया है.

### प्रीति को मिस और राजेश मिस्टर नागपुरी

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के टीआरएल संकाय के स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों को 'संग छोड़उनी' कार्यक्रम में सत्र 2022-24 के छात्रों विदाई समारोह आयोजित की गई. इस दौरान कई रंगारंग कार्यक्रम हुआ. कालेज में बिताए हुए अनुभवों को जूनियर्स छात्रों के बीच साझा की गई.कार्यक्रम का संचालन गुड़िया कुजूर व आशियन कंडुलना ने किया.वेलकम सांग से कार्यक्रम शुरू हुआ. कार्यक्रम में रैंप वॉक तथा क्विज प्रतियोगिता कराई गई, जिसके निर्णायक विभागाध्यक्ष डॉ. सविता केशरी, डॉ. उमेश नन्द तिवारी, डॉ. बीरेन्द्र कुमार महतो और डॉ. रीझू नायक रहें. इस प्रतिस्पर्धी में मिस नागपुरी और मिस्टर नागपुरी का चयन किया गया. वर्ष 2022-24 के स्नातकोत्तर नागपुरी के मिस. नागपुरी और मिस्टर नागपुरी का खिताब प्रीति मुण्डा और राजेश मुण्डा को दिया गया.

### इस्पात महिला सहयोग समिति के मेले में 52 स्टॉल

**रांची।** इस्पात महिला विकास सहयोग समिति, श्यामली कॉलोनी की ओर से मेकॉन कम्यूनिटी हॉल में आयोजित तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन लोगों की भीड़ उमड़ी. मेले में 52 स्टॉल लगाए गए हैं, जो लोगों को खूब भा रहे है. दूर-दूर से लोग खरीदारी करने के लिए मेले में आ रहे हैं. एक ही छत के नीचे सभी तरह के समान उपलब्ध होने कारण मेले को बहुत पसंद किया जा रहा है. मेले में लुभावने ऑफर के साथ-साथ लकी ड्रॉ कूपन भी रखा गया है, जिसमें बंपर प्राइज के अलावा भी कई उपहार रखे गये हैं. सभी स्टॉल पर मेले के दूसरे दिन भी काफी अच्छी खरीदारी हुई. खाने - पीने के स्टॉल पर लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है.

# पोस्टल पेंशनर्स एसो की बैठक उठा बकाया भुगतान का मामला

संवाददाता। रांची

पोस्टल/ आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन झारखंड की बैठक शनिवार को रांची जीपीओ में केडी राय व्यथित की अध्यक्षता में हुई. स्टेट सचिव ने संबोधित करते हुए कहा कि पोस्टमैन के बकाया भुगतान का मामला काफी लंबे समय से लंबित चला आ रहा है. हमारा प्रतिनिधिमंडल 5 अगस्त को चीफ पीएमजी से मिलकर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया. इस दौरान पोस्टमैन के बकाया भुगतान के मामले से अवगत कराया गया और उनसे हस्तक्षेप का अनुरोध किया गया. उन्होंने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया. स्टेट सचिव ने 6 अगस्त को अतिरिक्त निदेशक कार्यालय के सामने आयोजित धरना की चर्चा करते हुए कहा कि सीजीएचएस के वेलनेस सेंटर से 100 फीसदी जन औषधि की आपूर्ति चिंताजनक है, क्योंकि यह दवा बहुत अधिक प्रभावशाली नहीं है. डॉक्टर को ये दवा लिखने पर विवश किया जाता है. इसे लेकर सीजीएचएस के लाभार्थियों में आक्रोश एवं नाराजगी पाई जाती है. जीएमएसडी की मेडिसिन की आपूर्ति को सुनिश्चित किए जाने की बैठक में मांग की गई . इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाए जाने का निर्णय लिया गया, क्योंकि हजारों की संख्या में लाभार्थी प्रभावित हो रहे हैं. . 24 अगस्त को भोपाल में आयोजित सीएमसी की मीटिंग में इसे जोरदार तरीके से उठाया जायेगा.

# बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति का दो दिवसीय सावन मेला शुरू, समापन आज

संवाददाता। रांची

बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति के तत्वावधान में शनिवार को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरु नानक भवन में दो दिवसीय सावन मेला की शुरुआत की गई. ज्योति अरोड़ा ने गणेश वंदना का गायन किया, गीता कटारिया व शीतल मुंजाल ने गुरवाणी का गायन किया. मुख्य अतिथि के रूप में विशनी देवी धमीजा, महिला समिति की अध्यक्ष रवि नागपाल, डॉ. सतीश मिढा, बहावलपुरी पंजाबी समाज के अध्यक्ष ललित किंगर, सचिव अश्विनी सुखीजा, गुरु नानक सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल, सचिन अर्जुन देव मिढा, मनीष मिढा, सुरेश मिढा, श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मनोहर लाल जसूजा, सचिव केसर पपनेजा, रामचंद्र तलेजा,मुखी राधेश्याम किंगर, गुरुनानक सेवक जत्था के सूरज झंडई ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सावन मेले का औपचारिक उद्घाटन किया. समिति की अध्यक्ष रवि नागपाल ने मुख्य अतिथि को तुलसी का पौधा भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. महिला समिति ने सभी अतिथियों को पौधा भेंट किया. सावन मेले में खरीदारी करने आई समाज की महिलाओं में उत्साह नजर आया. सभी स्टालों पर लोगों ने कपड़े, श्रृंगार, क्रॉकरी, प्लास्टिक के सामान, फ्लावर पॉट, साड़ी, दोहर, केक, पूजा का सामान, राखी, सौंदर्य प्रसाधन आदि की खरीदारी की.


सावन मेले का उद्घाटन करतीं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति की सदस्याएं.

**प्रतिक्रिया | वक्फ एक्ट में संशोधन के प्रस्ताव से आहत मुस्लिम समाज ने केंद्र सरकार को दी सलाह**

# वक्फ एक्ट को संशोधन नहीं, मजबूत करने की जरूरत

**रांची।** संसद ने वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार करने के लिए दोनों सदनों की संयुक्त समिति (जेपीसी) के गठन की खातिर लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्यों को नामित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. वक्फ एक्ट में संशोधन के इस निर्णय से मुस्लिम वर्ग में रोष है. गणमान्य लोग इस निर्णय के लिए सरकार की आलोचना कर रहे हैं तो वहीं प्रबुद्ध मुस्लिम वर्ग ने सरकार को सलाह दी है कि वक्फ एक्ट को संशोधन नहीं, मजबूत करने की जरूरत है. इस पर प्रस्तुत है मुस्लिम वर्ग से किये गये बातचीत के अंश.

### यह वक्फ बोर्ड पर हमला नहीं, बल्कि संविधान पर प्रहार है : अमीन अहमद

झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के



द्वारा लिखित संविधान में विश्वास रखने वाले सभी धर्म, जाति वर्ग के लिए आए दिन केंद्र सरकार संविधान को चुनौती देने का कार्य कर रही है. कभी मॉब लिंचिंग तो कभी एनआरसी, मस्जिद, मदरसों, खानकाहों को निशाना बनाकर बुलडोजर चलाया जा रहा है. यह वक्फ बोर्ड पर हमला नहीं, बल्कि संविधान पर प्रहार है.

### वक्फ बोर्ड के प्रदत्त शक्तियों को छीनने की कोशिश गलत है : मो इस्लाम

सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमेटी रांची के प्रवक्ता मो इसलाम ने कहा कि 8 अगस्त 2024 को केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री



किरेन रिजिजू द्वारा नया वक्फ बोर्ड संशोधन बिल संसद में पेश किया गया. वक्फ बोर्ड के प्रदत शक्तियों को छिनने की कोशिश गलत है, क्योंकि वक्फ बोर्ड अपने अधीन संपत्तियों से समाज में शैक्षणिक संस्थान, कब्रिस्तान, रैन बसेरा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा में अपना अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है.

### वक्फ एक्ट को संशोधन नहीं, मजबूत करने की जरूरत : अब्दुल खालिद

जामियातुल सिद्दीकीन बिरादरी के अध्यक्ष अब्दुल खालिक ने कहा कि संविधान के तहत वक्फ बोर्ड का गठन भारत में



1954 में बिल पास कर किया गया. जिसमे आंशिक संशोधन करते हुए 1995 में केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड अधिनियम पारित किया गया. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14,15 एवं 19 के तहत वक्फ बोर्ड को शक्ति मिली है. वक्फ बोर्ड समाजसेवी संस्था है, जिसे संशोधन की नहीं, मजबूत करने की जरूरत है.

### बेरोजगारी दूर की जाये और बढ़ती महंगाई रोका जाये : नेहाल अहमद

मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के सचिव नेहाल अहमद ने कहा कि वक्फ एक्ट का गठन संविधान के अनुसार ही किया गया है.



इसमें संशोघन की जरूरत नहीं है. हां सरकार को कुछ करना ही है, तो वक्फ को मजबूत करें. इसके अलावा देश में बेरोजगारी है. युवा नौकरी के लिए परेशान है. महंगाई से मध्यम वर्ग का बजट गड़बड़ाया हुआ है. इस पर कार्य करने की जरूरत है. हर धर्म के लिए बोर्ड है. मुसलमानों के लिए वक्फ बोर्ड का गठन किया गया है.

## न्यूज अपडेट

### खेलो इंडिया वूमेन लीग प्रतियोगिता का उद्घाटन



**रांची।** रांची के खेलगांव स्थित वेलोडर्म में शनिवार से दो दिवसीय खेलो इंडिया साइक्लिंग वूमेन लीग (ईस्ट जोन) का शुभारंभ हुआ. प्रतियोगिता का उद्घाटन भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री सह सांसद संजय सेठ ने किया. प्रतियोगिता में सात राज्यों की महिला खिलाड़ी भाग ले रही हैं. इनमें झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, बंगाल, असम, मणिपुर की टीमें शामिल हैं. प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए तकनीकी रूप से ईस्ट जोन के इंचार्ज अभिजीत सेठ पश्चिम बंगाल से आये हैं. मौके पर खेलो इंडिया पर्यवेक्षक के रूप में कुलदीप मलिक और नाडा की तरफ से सचिन गोयल, झारखंड साइकलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक, झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, रणबीर कुमार मौजूद रहे.

### श्रीजीण माता परिवार का सिंधारा महोत्सव आज

**रांची ।** अग्रसेन भवन श्रीजीण माता परिवार के मंगला पाठ और श्रावण सिंधारा महोत्सव को लेकर सज-धज कर तैयार है. यहां माता का सजा भव्य दरबार सबको मन भाएगा. पूरे भवन में की गयी आकर्षक साज-सज्जा का खूबसूरत नजारा देखते ही बनेगा. रविवार को सुबह से देर शाम तक भक्ति के विविध कार्यक्रम होंगे. अध्यक्ष दिलीप पटवारी ने बताया कि सुबह गणेश पूजन से शुरुआत होगी. मुख्य यजमान प्रदीप सिंघानिया सपत्नीक पूजन करेंगे. इसके बाद माता का महा अभिषेक किया जायेगा. फिर दिन के एक बजे से मंगला पाठ शुरू होगा. कोलकाता के पाठ वाचक बाल किशन शर्मा और विनोद शर्मा के सांनिध्य में 351 महिलाएं राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में मंगल पाठ कर भक्ति की अविरल धारा बहायेंगी. पाठ के दौरान माता का जन्मोत्सव, मेहंदी महोत्सव, चुनड़ी महोत्सव और गजरा महोत्सव मनाया जाएगा. माता को 151 फीट की चुनरी उढाई जाएगी.

### श्रीश्याम मंदिर हरमू रोड में चला साप्ताहिक भंडारा



**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में शनिवार को साप्ताहिक भंडारा चलाया गया. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद रूप में स्वादिष्ट व्यंजन ग्रहण किया. श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और उपमंत्री अनिल नारनोली के संग उर्मिला और अजय जैन ने सपरिवार मंदिर में विराजमान देवी-देवताओ को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया. बाद में भोग लगे प्रसाद को वृहद भंडारे में मिश्रित कर पहले आचार्यों को परोसा. इसके बाद आम जन के बीच बांटा गया. 123 वें भंडारे के आयोजन में मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण ढानढनिया, मनोहर केड़िया, अनुज मोदी, रमा सरावगी, कमलेश सावा, श्याम सुंदर जोशी, अंकित सिंह, अमित सरावगी, आशीष डालमिया आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.

### पासा चैरिटेबल ट्रस्ट के शिविर में 14 यूनिट रक्त संग्रह



**रांची।** जेसीआई रांची एवं पासा चैरिटेबल ट्रस्ट ने शनिवार को लालपुर के पासा चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया. अमन पोद्दार ने बताया कि शिविर में 14 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. साथ ही भगवान महावीर आई हॉस्पिटल बरियातू द्वारा 90 लोगों की आंखों की जांच की गयी. सभी रक्तदाताओं को प्राउड डोनर का सर्टिफिकेट दिया गया.संस्था के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा की हमारा जीवन हमारी रगों में दौड़ रहा है.रक्तदान कर हम दूसरों का जीवन भी बचा सकते हैं. कार्यक्रम संचालक अंकित मोदी व अंकित अग्रवाल ने रक्तदान की महत्ता बतायी. शिविर को सफल बनाने में जेसीआई के अभिषेक केडिया, रोहित जैन, रोहित दयानी, अग्निश मित्रा,सृजन हेतमसरिया सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग किया.

### 20 वीं राज्य स्तरीय सीनियर वुशु प्रतियोगिता रांची में

**रांची ।** 20 वीं झारखंड राज्य सीनियर वुशु प्रतियोगिता का आयोजन रांची में किया जाएगा. यह प्रतियोगिता आरके आनंद बॉल्स ग्रीन नामकुम में आयोजित होंगी. प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए झारखंड वुशु एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों के सीनियर खिलाडी.भाग लेंगे. उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता सानसाऊ और ताउलु दोनों ही वर्ग में होंगी, जिसमें लगभग 300 खिलाडी. और अधिकारी भाग लेंगे. प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों का वजन और निबंधन किया जाएगा. प्रत्येक खिलाडी को अपना आधार कार्ड और मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट लाना अनिवार्य होगा. राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता के आधार पर देहरादून में आयोजित किये जा रहें 33 वे सीनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता के लिए झारखंड दल का चयन किया जाएगा.

### त्रिपुरा को हराकर सेमीफाइनल में झारखंड



**रांची।** 63 वीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को झारखंड की बालिका टीम ने त्रिपुरा की टीम को पराजित कर सेमी फइनल में प्रवेश किया. झारखंड ने मुकाबले को 2-0 से जीता. टीम की ओर से बबिता कुमारी ने दोनों गोल दागे. इससे पहले जीत की हैट्रिक लगाते हुए झारखंड ने अरुणाचल प्रदेश को 13-0 से, दिल्ली को 7-0 से और गुजरात को 3-0 से शिकस्त दी थी. झारखंड के दमदार प्रदर्शन पर राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल कोषांग के सभी पदाधिकारियों ने टीम को बधाई दी.

### वर्ल्ड वुशु कुंगफु डे के मौके पर हुए कई कार्यक्रम



**रांची।** इंटरनेशनल वुशु फेडरेशन के निर्देश पर झारखंड वुशु एसोसिएशन की विभिन्न इकाइयों द्वारा शनिवार को वर्ल्ड वुशु कुंगफु दिवस धूमधाम से मनाया गया. यह दिवस पूरी दुनिया में बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है. इस विशेष अवसर पर खेल का प्रदर्शन करने के साथ ही साथ प्रतियोगिता सहित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस अवसर पर झारखंड वुशु एसोसिएशन और रांची जिला वुशु एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में वुशु खेल का प्रदर्शन किया गया. मौके पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी और अधिकारी मौजूद थे.

